R.N.I. - CHHHIN2014/65302

कॉरपोरेट इनसाईट

आर्थिक जगत की मासिक पत्रिका

www.corporateinsight.online

वर्ष–8 | अंक–3 | नवम्बर 2022

पेशनेट : ए लव स्टोरी

ऐतिहासिक प्रेम कथा पर अनूठी वेबसीरीज

कवर स्टोरी

पेशनेट - ए लव स्टोरी
ऐतिहासिक प्रेम कथा पर अनूठी वेबसीरीज

हिंदी सिनेमा और टेलीविजन के अनेक बड़े बैनर्स ओटीटी पर भव्य बजट की वेब श्रृंखलाएं बनाने की ओर सक्रिय हुए हैं।

राजीव सक्सेना
पटकथा लेखक एवं निर्देशक

'पेशनेट : ए लव स्टोरी' शीर्षक से वेबसीरीज का निर्माण राजस्थान की विभिन्न ऐतिहासिक लोकेशन्स पर इस माह के अंतिम सप्ताह से शुरू हो रहा है। जयपुर के समीप समोद, फतेहपुर शेखावाटी के अलावा अधिकतर फ़िल्मांकन हाड़ौती अंचल में बूँदी, कोटा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ और दरा के आसपास किया जायेगा।

ओटीटी की लोकप्रियता चरम पर – रामचंद्र चव्हाण

वेबसीरीज के निर्माता नियो फिल्म्स मुंबई के रामचंद्र गणपत चव्हाण और सुमित्रा इंटरप्राइजेज एंड प्रोडक्शन जयपुर के भीमसिंह बुंदेला और राजीव सक्सेना ने बताया कि ओटीटी प्लेटफार्म का बढ़ता दायरा अब अन्य मनोरंजन माध्यमों की तुलना में लोकप्रियता के चरम पर पहुंच चुका है।

हिंदी सिनेमा और टेलीविजन के अनेक बड़े बैनर्स ओटीटी पर भव्य बजट की वेब श्रृंखलाएं बनाने की ओर सक्रिय हुए हैं।

वेबसीरिज कंटेंट जल्दी ही पारिवारिक होंगे – विट्ठल वेटूरकर

बोल्ड कंटेंट और अपशब्दों के सवाल पर एमएक्स प्लेयर की वेबसीरीज 'द क्लू' के निर्देशक और इस निर्माणाधीन सीरीज के डायरेक्टर विट्ठल वेटूरकर ने कहा कि जल्दी ही वेबसीरीज के कंटेंट भी सेंसर के दायरे में होंगे और परिवार के सभी सदस्य इनका साथ में बैठकर मनोरंजन कर सकेंगे।

उन्होंने स्वीकार किया कि बोल्ड कथानक और सेंसर की सख्ती न होने की वजह से ही वेब श्रृंखलाओं ने समाज के हर वर्ग के दर्शक को अपनी तरफ आकर्षित किया है।

राजस्थान की खूबसूरत लोकेशन्स ने मुझे आकर्षित किया – तुषा पाण्डेय
'पेशनेट : ए लव स्टोरी' में अहम भूमिका निभा रही अभिनेत्री तुषा पांडेय ने राजस्थान की खूबसूरत लोकेशन पर आकर शूटिंग करने को अपना सौभाग्य कहा और यहाँ के लोगों की अपनत्व भरी मेहमाननवाज़ी की तारीफ की। तुषा ने बताया कि उन्होंने कुछ फिल्मों और म्यूजिक अल्बम्स में काम किया है। अलबम विट्ठल वेटूरकर के निर्देशन में ज़ी म्यूजिक पर रिलीज हुआ है।

वेबसीरीज में राजा – महाराजा की कहानी दिलचस्प अंदाज में

वेबसीरीज के कार्यकारी निर्माता विवेक भोंसले बताया कि नई ओटीटी चैनल अतरंगी पर आगामी जनवरी से प्रसारित होने वाली वेब सीरीज की कहानी राजा – महाराजा, राजकुमार – राजकुमारी से जुड़े दिलचस्प प्रेम प्रसंगों को रेखांकित करती है। कहानी की नायिका और नायक का प्रथम बार किसी पुरुष या स्त्री को देखना इसे कई रोचक मोड़ देता है।

आर्ट डायरेक्टर श्रीकांत पवार ने कहा कि राजस्थान के ऐतिहासिक किले – महल, अपने आप में कला के अनूठे उदाहरण हैं। इनमें फिल्मांकन करना किसी सपने के पूरे होने से कम नहीं है।

निर्माताओं के अनुसार कोटा की मशहूर रेडियो उद्घोषक डॉ मधु सनाढ्य इस वेबसीरीज में सहायक निर्देशक और समन्वयक की भूमिका में रहेंगी जबकि प्रशांत सनाढ्य, सुभाष सोरल और अनेक प्रतिभाऐं यहाँ होनेवाले फ़िल्मांकन में अभिनय के अलावा लाइन प्रॉड्यूसर जैसी महत्वपूर्ण ज़िम्मेदारी निभाएंगे।